मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-580
**27/11/2021**

# मुख्यमंत्री ने बरौनी थर्मल पावर स्टेशन स्टेज–2 के 500 मेगावाट (2X250) का किया लोकार्पण

पटना, 27 नवम्बर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बेगूसराय में बरौनी थर्मल पावर स्टेशन स्टेज–2 के 500 मेगावाट (2x250) का रिमोट के माध्यम से लोकार्पण कर देश को समर्पित किया।

इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के कार्यक्रम के आयोजन के लिए आप सभी को बधाई देता हूं और यहां उपस्थित लोगों का अभिनंदन करता हूं। केंद्रीय मंत्री विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा श्री आर0के0 सिंह एवं एन0टी0पी0सी0 को विशेष तौर पर बरौनी में थर्मल पावर स्टेशन स्टेज–2 के 500 मेगावाट के लोकार्पण के लिए बधाई। इस कार्यक्रम में मुझे शामिल होने के लिए आप लोगों ने आमंत्रित किया इसके लिए आप सबको धन्यवाद देता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने देश के ऊर्जा के क्षेत्र में किये जा रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी आप सबों को दी है। देश के ऊर्जा क्षेत्र में किये जा रहे विकास कार्यों के लिए मैं केंद्रीय ऊर्जा मंत्री एवं प्रधानमंत्री जी को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि बरौनी थर्मल पावर स्टेशन के स्टेज–2 का संचालन 1 नवंबर 2021 से ही शुरु हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मुझे बेगूसराय की पावन धरती पर आने का मौका मिला है। आदरणीय डॉक्टर श्रीकृष्ण बाबू के कार्यकाल के प्रारंभ से ही इस क्षेत्र का विकास शुरु हुआ। 26 जनवरी 1960 को 15 मेगावाट की तीन इकाईयों का डॉ0 श्रीकृष्ण सिंह ने शिलान्यास किया था लेकिन वर्ष 1961 में उनकी मृत्यु हो गई। वर्ष 1962 में इस थर्मल पावर स्टेशन की शुरुआत के बाद इसका संचालन शुरु हो गया। बाद में कुछ कारणों से इसका देखभाल ठीक से नहीं होने लगा। 24 नवंबर 2005 को जब हमलोगों को काम करने का मौका मिला तो सड़क सहित अन्य बुनियादी आधारभूत ढांचे के साथ ही विद्युत क्षेत्र में विकास के लिए कार्य शुरु किये गये। वर्ष 2006 में बरौनी थर्मल पावर स्टेशन का 2X110 मेगावाट का यूनिट बंद पड़ा था। इसके संचालन के लिए हमलोगों ने काम शुरु किया। इसकी एक इकाई वर्ष 2016 में कार्यरत हो गई। 250 मेगावाट की दो यूनिट बनाने का कार्य वर्ष 2012 में प्रारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर के कांटी थर्मल पावर स्टेशन का काम वर्ष 1978 में स्वर्गीय जार्ज फर्णांडिस साहब द्वारा शुरु किया गया था। उस समय जार्ज साहब मोरारजी भाई देसाई की सरकार में केंद्रीय मंत्री और मुजफ्फरपुर से सांसद थे। इस थर्मल पावर स्टेशन का काम वर्ष 1985 में पूर्ण हुआ। कांटी थर्मल पावर स्टेशन को एन0टी0पी0सी0 को सौंपने के लिए हमलोगों ने बातचीत की और अंततः इसे एन0टी0पी0सी0 को सौंप दिया गया। कांटी थर्मल पावर स्टेशन में पहले 2X110 मेगावाट की यूनिट और इसके बाद 2X195 मेगावाट की अतिरिक्त इकाई लगाई गई, जो वर्ष 2017 में शुरु हो गयी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्युत क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने, राज्य में विद्युत की उपलब्धता बढ़ाने, इनकी लागत कम करने के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2018 में बरौनी थर्मल पावर स्टेशन को एन0टी0पी0सी0 को हस्तांतरित कर दिया। उन्होंने कहा कि जब हम केंद्र में श्रद्धेय अटल जी की सरकार में मंत्री थे उस समय से एन0टी0पी0सी0 से हमारा संबंध है। आज के बरौनी थर्मल पावर स्टेशन की विस्तारित इकाई से इस इलाके का विकास होगा और

यहां के लोगों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि एन0टी0पी0सी0 ने बिजली उत्पादन का काम शुरु कर दिया है, केंद्रीय मंत्री ने इसके और एक्सटेंशन की बात की है, इसके लिए हम उन्हें धन्यवाद देते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2015 में सात निश्चय कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमें एक निश्चय के रुप में दिसंबर 2018 तक हर घर तक बिजली पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया। लेकिन हमलोगों ने दो माह पूर्व यानि अक्टूबर 2018 को ही हर घर तक बिजली पहुंचा दी। बिहार के इस कार्य की सराहना करते हुए केंद्र सरकार ने भी इसे स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में बिहार में बिजली की खपत मात्र 700 मेगावाट ही थी। जो अब बढ़कर 6000 मेगावाट से भी ज्यादा हो गई है। लोगों को बिजली बिल कम देना पड़े इसको लेकर प्रति उपभोक्ता 50 प्रतिशत से ज्यादा का अनुदान राज्य सरकार देती है। उन्होंने कहा कि हमलोग ऊर्जा के क्षेत्र में और सुधार तथा लोगों को सुविधा देने के लिए लगातार काम करते रहेंगे। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जितनी जरुरत हो लोग बिजली का उतना ही उपयोग करें, इसका सदुपयोग करें, बिजली का दुरुपयोग बिल्कुल न करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के कारण सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं हो पा रहे थे जिसकी वजह से हम लोगों से भेंट नहीं कर पा रहे थे। मुझे लोगों से मिलने में काफी खुशी और संतोष होता है। आज के इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर मुझे खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना का टीकाकरण अभियान पूरे देश और राज्य में तेजी से चलाया जा रहा है। सभी लोग कोरोना का टीका अवश्य लें। जिन लोगों ने कोरोना टीके का पहला डोज ले लिया है वे लोग निर्धारित समय पर दूसरा डोज भी अवश्य लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से जितनी जल्दी मुक्ति मिले, स्थिति सामान्य हो, सभी गतिविधियां ठीक ढंग से संचालित होने लगे, इसके लिए सभी प्रयास किये जा रहे हैं। कोरोना के प्रति सभी को सचेत एंव सजग रहना होगा।

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, एन0टी0पी0सी0, श्री गुरदीप सिंह ने मुख्यमंत्री का स्वागत अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया। कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा श्री आर0के0 सिंह, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, एन0टी0पी0सी0, श्री गुरदीप सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विधायक श्री राम रतन सिंह, विधायक श्री राजकुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, भारत सरकार के ऊर्जा विभाग के सचिव श्री आलोक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, बिहार सरकार में ऊर्जा विभाग के सचिव श्री संजीव हंस, आयुक्त मुंगेर प्रमंडल श्री प्रेम सिंह मीणा, पुलिस उप महानिरीक्षक, बेगूसराय रेंज, श्री राजेश कुमार, जिलाधिकारी श्री अरविंद कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, एन0टी0पी0सी0 के अभियंतागण, कर्मीगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री ने बरौनी थर्मल पावर स्टेशन स्टेज–2 के 500 (2X250 मेगावाट) के एक्सटेंशन प्रोजेक्ट का स्थल निरीक्षण किया। परिसर के सेवा भवन में टरबाईन फ्लोर का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया और विद्युत उत्पादन के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री के समक्ष कंट्रोल रुम में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बरौनी थर्मल पावर स्टेशन की उपलब्धियां, सामुदायिक विकास पहल, लक्ष्य तथा विजन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

******